प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। देश के 9 करोड़ 32 लाख किसानों को यह सौगात मिलेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि गुवाहाटी में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में, पीएम किसान योजना की 22वीं किस्त के तहत 18 हजार 640 करोड़ रुपये सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे।

****

झारखंड विधानसभा में आज विधायक नवीन जायसवाल ने विधायकों के लिए रजिस्ट्री पोर्टल न खुलने का मामला उठाया।

जवाब में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजस्व विभाग के साथ बैठक कर जल्द समाधान का भरोसा दिया है।

****

असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने चुनावी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में सांसद गौरव गोगोई आज रांची पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की को असम का सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किए जाने की जानकारी दी। गोगोई ने झारखंड कांग्रेस नेताओं के साथ तालमेल पर चर्चा की और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की इच्छा भी जताई।

****

राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने 14 मार्च, दिन शनिवार को सचिवालय और उससे जुड़े सभी कार्यालयों को खुला रखने का आदेश दिया है। विधानसभा की निर्धारित बैठक और उससे संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए यह निर्णय लिया गया है। अवकाश का दिन होने के बावजूद, शनिवार को सभी सरकारी कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की तरह कार्य करेंगे।

****

चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के उग्रवादियों ने आज तड़के विस्थापित नेता महेंद्र गंझू के घर पर अंधाधुंध फायरिंग की। मौके से पुलिस ने खाली खोखे और धमकी भरा पर्चा बरामद किया है। पुलिस उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी कर रही है।

****

भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीबी हजारीबाग की टीम ने कोडरमा जिले के चंदवारा थाना के दारोगा पवन कुमार राम को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दारोगा ने एक मामले के निपटारे के लिए रिश्वत मांगी थी। रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद एसीबी टीम आरोपी को अपने साथ हजारीबाग ले गई है।

****

लातेहार के सिकनी पिकेट के पास एनएच–75 पर दो कारों की जोरदार भिड़ंत में गांजा तस्करी का भंडाफोड़ हुआ है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने 92 किलो गांजा बरामद किया है। हालांकि, तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। चंदवा पुलिस ने मामला दर्ज कर तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

****

हजारीबाग के केरेडारी के जंगलों में पिछले तीन दिनों से 15 हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए है। झुंड ने बड़कीटांड में दो एकड़ गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया है, जिससे किसान भयभीत हैं। वन विभाग की 6 टीमें मौके पर तैनात हैं। विभाग ने ग्रामीणों से हाथियों को न छेड़ने और उनसे दूरी बनाए रखने की अपील की है।

******समाप्त************